# टाटा समूह लखनऊ में करे ग्लोबल कैप्टिव सेंटर की स्थापना : योगी

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने टाटा संस के अध्यक्ष को लखनऊ में एक ग्लोबल कैप्टिव सेंटर की स्थापना करने का सुझाव दिया। कहा कि इस कदम से प्रदेश में उच्च तकनीकी और कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश में एयर इंडिया की संभावित एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग) सुविधा की स्थापना को लेकर भी मुख्यमंत्री से वार्ता की। प्रदेश में एमआरओ की सुविधा उपलब्ध होने के बाद विमानन सेवा के क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर हुई इस शिष्टाचार भेंट के दौरान अयोध्या में प्रस्तावित 'टेंपल आर्किटेक्चर म्यूजियम' परियोजना पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने टाटा संस अध्यक्ष को जेवर एयरपोर्ट परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने टाटा समूह की प्रदेश में निवेश गतिविधियों की प्रशंसा की और निवेशकों के लिए बेहतर औद्योगिक माहौल के अपने



मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास में टाटा संस के अध्यक्ष एन. चन्द्रशेखरन ने बुधवार को मुलाकात की ● सूचना विभाग

दृढ़ संकल्प को दोहराया। यह भी कहा कि टाटा समूह राज्य में अपने निवेश को और विस्तार दे। टाटा संस के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिया कि टाटा समूह उत्तर प्रदेश को निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने में सरकार का पूरा सहयोग करेगा। एन. चंद्रशेखरन ने राज्य सरकार के उद्योग-हितैषी नीतिगत फैसलों, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश की विभिन्न नीतियों की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि टाटा संस की आगामी परियोजनाओं में प्रदेश की प्रमुख भूमिका सुनिश्चित की जाएगी।